आदेश

अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय), बिहार, पटना की अध्यक्षता में गठित केन्द्रीय अनुकंपा समिति की अनुशंसा के उपरांत स्क्रीनिंग समिति, बिहार पुलिस मुख्यालय की अनुशंसा के आलोक में श्री सौरभ सुमन, पिता–स्व० मोहन किशोर मिश्रा को बिहार पुलिस लिपिकीय संवर्ग में उनके नाम के सामने अंकित कार्यालय में निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर पी० बी०–I, वेतनमान 5200–20200, ग्रेड पे–1900 (पुनरीक्षित पे लेवल–2) में अनुमान्य जीवन यापन भत्ता एवं अन्य देय भत्तों के साथ अनुकंपा के आधार पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जाता है।

2. यह नियुक्ति नयी अंशदायी पेंशन योजना–2005 के अधीन होगा।

3. संबंधित अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र प्राप्ति के एक माह के अंदर उन्हें आवंटित कार्यालय में योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

4. पदभार ग्रहण के लिए इन्हें किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

5. योगदान के समय अभ्यर्थी द्वारा असैनिक शल्प चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र (मूल में), दहेज नहीं लेने एवं नहीं देने संबंधी घोषणा–पत्र, आधार कार्ड की प्रति एवं दो फोटो समर्पित किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा कार्यापालक दंडाधिकारी द्वारा निर्गत, इस आशय का शपथ–पत्र भी समर्पित किया जाएगा कि उनके द्वारा दिये गये सभी प्रमाण–पत्र सत्य है और यदि भविष्य में यह असत्य पाया जाता है तो उनकी नियुक्ति रद्द कर दी जायेगी तथा नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी, जो उन्हें मान्य होगा।

6. नियुक्त कर्मी पर मृतक के आश्रित परिवार के भरण–पोषण का पूर्णतः उत्तरदायित्व होगा। इसमें किसी प्रकार की अवहेलना होती है तो नियुक्ति पदाधिकारी द्वारा कारण–पृच्छा प्राप्त कर उनकी सेवा समाप्त की जा सकेगी। योगदान के समय अभ्यर्थी द्वारा इस आशय का घोषणा–पत्र विहित प्रपत्र में जमा किया जाना आवश्यक होगा।

उपरोक्त कंडिका–1 से 6 में पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

क्र. सं.	नियुक्त कर्मी का नाम / कोटि	पिता / पति का नाम	जन्म तिथि	पता	गृह जिला	आवंटित कार्यालय
1	2	3	4	5	6	7
1	सौरभ सुमन / अनारक्षित	स्व0 मोहन किशोर मिश्रा	26.02.1994	ग्राम+पो०–मुरैठा, थाना–जाले, जिला–दरभंगा वर्त्तमान पता–कैलाश भवन, रोड नं०–01, गर्दनीबाग, पटना	दरभंगा	**सिवान**

पुलिस महानिदेशक, **बिहार के** आदेशानुसार,

05/01

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण),
बिहार, पटना।

VED/LIPIK/AADESH/2022

पत्र संख्याः–पी0–4/43–38–200–2021/217

बिहार पुलिस मुख्यालय

(कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग)

पटना, दिनांक :– 05.07.2022

प्रतिलिपिः–

1. **पुलिस अधीक्षक,** सिवान को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
   –आवेदक सौरभ सुमन का सभी कागजात मूल रूप में अथवा जिस रूप में प्राप्त हुआ है आपके कार्यालय को भेजी जा रही है।
2. **पुलिस अधीक्षक (सी०)**, अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
3. कोषागार पदाधिकारी, सिवान को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
4. प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा पी०–05 को सूचनार्थ प्रेषित।
5. संबंधित नियुक्त अभ्यर्थी को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
6. आई०टी० मैनेजर, पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण),
बिहार, पटना।

विश्वजीत

VED/LIPIK/AADESH/2022